दो दिवसीय कैंप का आयोजन

भरतपुर (निस)। भरतपुर इलैक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड बीईएसएल के बिजली घर स्थित सब डिवीज़न कार्यालय पर प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में जानकारी देने हेतु 3 और 4 अक्टूबर को दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में बीईएसएल के आला अधिकारीयों के साथ एमएनआरई से पंजीकृत सोलर वेंडर सोलर ठेकेदार भी मौजूद रहेंगे एवं मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं की सोलर संयन्त्र का रजिस्ट्रेशन कराने में सहायता करेंगे। बीईएसएल के पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल संयन्त्र लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी। उपभोक्ताओं द्वारा 1 किलोवाट का सोलर संयन्त्र लगवाने पर 30.000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रूपए तथा 3 किलोवाट और उससे अधिक का सोलर संयन्त्र लगवाने पर सरकार द्वारा 78,000 रूपए की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र लगाने के लिए पी.एम सूर्यघर की वेबसाइट पर जा कर उपभोक्ता को स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है और संयन्त्र लगाने हेतु सरकार द्वारा पंजीकृत 537 वेंडरों में से किसी भी एक वेंडर का चयन करना होता है। यह योजना सिर्फ घरेलू विद्युत कनेक्शनों पर ही लागू है। इस योजना के अंतर्गत सोलर संयंत्र लगाने हेतु उपभोक्ताओं द्वारा बैंकों से उचित दरों पर ऋण की सुविधा भी ली जा सकती है।

नयी दिशा मंच के तत्वावधान में निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

भरतपुर (निस)। नयी दिशा मंच व ईश्वर टावर उच्च माध्यमिक विद्यालय राधा नगर के संयुक्त तत्वावधान में पॉलिथिन मुक्त व स्वच्छ भरतपुर अभियान की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नयी दिशा मंच के संरक्षक पूर्व सांसद पंडित राम किशन व गिरधारी तिवारी ने झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का बालकल्याण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राजाराम भूतौली ने अपने निवास पर स्वागत सम्मान किया। राधा नगर व स्टेडियम नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

विद्यालय के छात्र एक दो तीन चार, पॉलिथिन का करो बहिष्कार, हमारी भी एक बात सुनो, पॉलिथिन से तुम इन्कार करो आदि नारे लगाते हुए आर टी ओ ऑफिस से हीरा दास सर्किल से तोप सर्किल से सुभाष नगर से अग्रसेन नगर से राधा नगर ईश्वर टावर स्कूल पर समापन हुआ।

विद्यालय में महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंति पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। पंडित राम किशन ने भरतपुर को स्वच्छ सुन्दर बनाने के लिए पॉलिथिन मुक्त भरतपुर अभियान चलाने आव्हान किया। रैली को सम्बोधित करते हुए समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने नयी दिशा मंच के उद्देश्यों व पॉलिथिन को बण्डल बनाकर कर ऑटोटिपर में डालने के लिए उपस्थित जनों को अवगत कराया।

आकाश शर्मा व प्रिन्स शर्मा ने रैली आयोजन की तैयारियां की। ईश्वर टावर के निदेशक ईश्वर चंद ने अपने विद्यालय के कक्षा आठ नौ व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों व स्टाफ का सहयोग प्रदान किया। रैली में ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, इं.डी.एन.शर्मा, राजाराम भूतौली, सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष ताराचन्द चिचाना, ब्राह्मण समाज तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित वनबारी लाल, रोडवेज संभाग अध्यक्ष दिनेश चन्द जघीना, राजपूत समाज जिलाध्यक्ष रेवेन्द्र सिंह, अशोक शर्मा सारस, लाल चंद शर्मा एलआईसी, ईश्वर टावर के व्यवस्थापक मयंक शर्मा, शारथी महेश चिचाना रेवती प्रसाद, गौरव किरार, योगेन्द्र सिंह, अशोक, ओमप्रकाश, अमित, हेमन्त, पुष्पेन्द्र, राधा, पूनम ,बीना, रेखा, सुषमा, विद्यालय के शिक्षक बन्धु आदि मौजूद रहे। ईश्वर चन्द ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

पॉलिथिन मुक्त व स्वच्छ भरतपुर अभियान की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।

महात्मा गांधी जयंती मनाई

भरतपुर (निस)। महात्मा गांधी की 155वी जयंती के अवसर पर प्रातः 7 बजे सर्वप्रथम कांग्रेस उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को गंगाजल एवं दूध से नहलाकर चंदन लगाया। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि इसके बाद उपस्थित सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भी महात्मा गांधी को सूत एवं पुष्प की माला पहनाई। कार्यक्रम में चुन्नी कप्तान ने महात्मा गांधी के प्रिय सात वचन सुनाएं, जिनको उपस्थित सभी लोगों ने दोहराया। इसी प्रकार भूरी सिंह व्यायाम शाला पर भी गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्पांजलि की गई। कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की भी 120वीं जयंती है। इस अवसर पर जिला एवं शहर कांग्रेस की ओर से अनाह गेट स्थित शास्त्री पार्क में जाकर लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा को गंगाजल से नहला कर चंदन लगाया गया तथा अगरबत्ती जलाकर एवं सूत की माला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने उनकी सादगी, सहजता, मितव्ययता एवं देश के प्रति वफादारी के बारे में चर्चा की। सभी कार्यक्रमों में पीसीसी सदस्य साहब सिंह एडवोकेट, दयाचंद पचौरी, दीनदयाल जाटव, राजेंद्र सारस्वत, रमेश पाठक, जीवन लाल शर्मा, देवेंद्र अवधेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

गांधी जयन्ती पर रक्तदान शिविर लगाया

रक्तदान शिविर में रक्तदाता का हौसला अफजाई करते सोसायटी पदाधिकारी।

गंगापुर सिटी । इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रिया हॉस्पीटल में किया गया जिसमें रक्तदाताओं ने बढ चढकर भाग लिया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ अतिथियो ने सरस्वती एवं महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी उपाध्यक्ष जिला एवं स्वास्थ्य अधिकारी बत्ती लाल मीणा, समिति अध्यक्ष राजेंद्र शास्त्री, वाइस चेयरमैन महेंद्र मीणा, जनरल सेक्रटरी भविष्य कुमार भानु और कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल के साथ कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर समीर विश्वास व सोमदत्त शर्मा मोजूद थे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रथम रक्तदान शिविर में ही रक्तदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला जिन रक्तदाताओं ने रक्त दान किया उनके लिए संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सुबह 1० बजे से लेकर 2 तक चला। शाखा उपाध्यक्ष बत्ती लाल मीणा ने बताया कि रक्तदान महादान है एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचाता है। वहीं कहीं परिवारों का सारथी भी बनता है। अध्यक्ष राजेंद्र शास्त्री ने सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की साथ में सभी का उत्साह वर्धन करते हुए सभी को इंडियन रेट तो समिति को आगे बढने का भी आदेश दिया। इस मौके पर डॉ पवन शर्मा, कैलाशचंद मीना, दीवान खंडूजा, सुरेंद्र मित्तल, अशोक गुप्ता, जगदीश हेमनानी, उत्तम कुमार मीणा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

भरतपुर (निस)। राष्ट्रिपता महात्मा गॉधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर टैक्नोलॉजी पार्क स्थित हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं स्वच्छता अभियान के साथ-साथ अहिंसा एवं विश्व शान्ति विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी हरिदत्त शर्मा ने की एवं मुख्य अतिथि सेवा भारती संस्था के योगेन्द्र खण्डेलवाल रहे। इस अवसर पर टैक्नोलॉजी पार्क के निदेशक डॉ आलोक शर्मा ने गॉधी जयन्ती के उपलक्ष्य में गांधी जयन्ती पर हमें गांधी के विचारों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। स्वदेशी अपनाकर आत्म निर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने का यह बिल्कुल सही समय है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में शोभा ने प्रथम स्थान, पूजा ने द्वितीय स्थान व अंशुल सोगरवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा गांधी के भजनों में प्रज्ञा व चंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्त में समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। इस अवसर पर यातायात शाखा भरतपुर के ओमवीर कॉस्टेबल, डॉ. सन्जू शर्मा, डॉ. पुष्पा कंवर, डॉ. हरिमणि लाल शर्मा, डॉ. नीता माथुर, डॉ. पूनम दीक्षित, पूनम चौधरी, मीरा देवी, विनोद अवस्थी, डीसी सैनी, महेन्द्र सिंह, अशोक सिंह, राममोहन शर्मा, विनोद छारिया, सुनील कुमार, सीटीआई गोपाल प्रसाद, मोहित कुमार, योगाचार्य केशव सिंह, मोहन लाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

डांडिया तीन का आयोजन

भरतपुर (निस)। जेसीआई संगठन की ओर से डांडिया तीन का आयोजन राज गार्डन मेरिज होम में किया गया। डांडिया में देश के प्रसिद्ध गायक भूमिका मलिक, बूम बूम सैन्डी की सुरीली आवाज, सुविख्यात डीजे जॉकी के एम कान्या की मधुर धुन पर शहर के सैकडों जोड़ों द्वारा एक साथ दी गई डांडिया नृत्य की प्रस्तुतियों से दर्शक झूम उठे। अनन्या सिंघानिया की एंकरिंग सोने पर सुहागा रहीं। भरतपुर जेसीआई के इस कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों पीएनबी बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख प्रमोद कुमार, टीएम मोटर्स के हीरा सिंह, अनिल एण्ड संस के रजत गर्ग, राकेश गोयल सर्राफ, अमर चन्द मित्तल, राजकुमार गोयल सर्राफ एवं सीए अतुल मित्तल द्वारा श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।यह कार्यक्रम लगभग चार घंटे तक चला। इस दौरान विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन समूह को भाव-विभोर कर दिया।

साईकिल रैली का आयोजन

भरतपुर (निस)। प्रान्त 3233ई-1 के द्वारा निर्धारित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत गांधी जयंती के अवसर पर सेवा सप्ताह "अनमोल खुशियों" की शुरूआत करते हुए विश्व शांति रैली का आयोजन लायंस ऑफ भरतपुर द्वारा रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार के नेतृत्व में साईकिल रैली का आयोजन कुम्हेर गेट से यातायात चौराहे तक किया गया। रैली को डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और सभी को गांधी जयंती पर स्वच्छता का प्रण दिलाया। रैली का समापन यातायात चौराहा भरतपुर पर हुआ। समापन पर नगर निगम कमिश्नर श्रवण कुमार विश्नोई ने सफाई दूतों का सम्मान किया साथ ही वार्ड नं. 46 की पार्षद सुमन प्रेमपाल सिंह का भी सम्मान किया जो लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर द्वारा किया गया।

पीएम श्री स्कूल में लगा निपुण मेला

गंगापुर सिटी । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में गांधी जयंती एवं निपुण मेले का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवीलाल मीणा एवं अध्यक्ष प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बैरवा ने सरस्वती और गांधी जी के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके पश्चात गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर महेंद्र कुमार गुर्जर ने एवं भरत लाल जाटव में अपने विचार प्रस्तुत किए, जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना ने स्वच्छता एवं गांधी जी के विचारों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर निपुण मेले का शहरी संकुल स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के टीचिंग मॉडल, खिलौने खाद्य सामग्री का निर्माण किया गया। बच्चों के द्वारा खेल गतिविधि चम्मच दौड, जलेबी लपक में भाग लिया गया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश बैरवा ने इस अवसर पर नई शिक्षा नीति 2०2० के अंतर्गत नैतिक शिक्षा, एफएलएन एवं करके सीखो जैसी गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। निपुण मेले में प्रथम स्थान स्थानीय स्कूल के बच्चों ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान महात्मा गांधी राजकीय स्कूल सालोदा के बच्चों ने प्राप्त किया, तृतीय स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल नंबर 1० के बच्चों ने प्राप्त किया। स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर शहरी क्षेत्र के समस्त अध्यापकों समस्त स्टाफ ने भाग लिया।

भामाशाहों के सहयोग से 870 गौवंश को लगाई रेडियम पट्टी

गंगापुर सिटी । श्री 108 फुटीय हनुमान गौशाला, दौलतपुर के तत्वावधान में जिले में दुर्घटनाओं से गोवंश को बचाने के लिए सेफ्टी बेल्ट का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक व श्री गोपाल गौशाला समिति के अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि भामाशाहों के सहयोग से करीब 870 रेडियम सेफ्टी बेल्ट गोवंश को लगाई गयी है।

सडक दुर्घटना पर रोक के लिए गोवंश को रेडियम सेफ्टी बेल्ट, अभियान में शुक्रवार को थाना सदर से आईजीएम हॉस्पिटल एवं ऑस्ट्रोली तक 150, शनिवार को थाना सदर से ट्रक यूनियन ईदगाह तक 150, रविवार को ईदगाह अमरगढ चौकी तक 250 सोमवार को पिपलाई से कोयला, बाढ जलोखरा, थडी, सीपी हॉस्पिटल बाईपास पर 250, मंगलवार को उदयपुर सर्कल से कर्मचारी कॉलोनी तक 70, इस तरह कुल 870 गोवंश के रेडियम सेफ्टी बेल्ट सदर थाना पुलिस, बामनवास पुलिस, गौ रक्षा टीम बामनवास, मानव सेवा संस्थान की आइसोलेशन टीम एवं श्री 108 फुटीय हनुमान गौशाला टीम ने विभिन्न रूटों पर जाकर लगाई।

अभियान के लिए दीपक सिंह नरूका ने 125, डीएस साइंस एकेडमी के निदेशक उमेश शर्मा ने 100 मोहनलाल प्रजापत 100, लक्ष्मी मीणा पुलिसकर्मी 100, ओम प्रकाश शर्मा मुंबई वाले एवं उनके सहयोगी द्वारा 100 रेडियम बेल्ट उपलब्ध कराने की घोषणा की। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक विजय गोयल ने सभी दानदाता एवं गौ प्रेमीयों से अभियान में रेडियम सेफ्टी बेल्ट दान देने का अनुरोध किया है। 108 फुटिय श्री हनुमान जी गोशाला दोलतपुर के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सुराणा ने बताया की शहर में गोवंश स्वच्छंद विचरण कर रहा है।

सडकों पर खुले में गोवंश के स्वच्छंद विचरण करने के कारण आए दिन गोवंश वाहनों से टकराकर घायल हो रहा है। साथ ही वाहन चालक भी दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में गोवंश की सुरक्षा के साथ-साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सदर थाना अधिकारी पन्नालाल की प्रेरणा से यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सदर थाना पुलिस, बामनवास पुलिस, गौ रक्षा दल बामनवास, मानव सेवा संस्थान आइसोलेशन टीम, कार्यक्रम संयोजक व श्री गोपाल गौशाला समिति अध्यक्ष विजय गोयल, 108 फुटीय हनुमान गौशाला दौलतपुर अध्यक्ष प्रसन्न सुराणा, राजेंद्र नरूका, भानू पारीक, मोहनलाल प्रजापत,सुरेश सैंगर,नरेश दुबे,मुकेश राजाराम, नंदकिशोर धोलेटा,गो एंबुलेंस चालक राजेंद्र सिंह जादौन, कंपाउंड धीरेंद्र गुर्जर, आदित्य अग्रवाल,कमलेश गुर्जर अध्यक्ष बामनवास गौरक्षा दल, विकास गुर्जर लाल माली आशीष गुर्जर, भवानी गुर्जर, लवकुश जोगी, रणजीत सिंह, करण खटीक, नरसी चूली, मनोज पचौरी, कृष्ण खटीक, ऋषि गॉड, मनोज तोगडिया, लक्ष्मीकांत झा आदि सहयोगीयों ने विभिन्न रूटों पर रेडियम सुरक्षा बेल्ट लगवाने में सहयोग किया।

स्वच्छता सेवा के तहत श्रमदान किया

गंगापुर सिटी । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान 2024 स्वच्छता ही सेवा के संकल्प की मूल भावना के साथ श्रमदान कार्य किया गया। युवा मंडल अध्यक्ष रिजुल गर्ग ने बताया की पंचायत समिति मे इस अभियान का शुभारम्भ महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथी जिला कलेक्टर गौरव सैनी, उप जिला कलेक्टर बृजेंद्र मीणा एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, विकास अधिकारी गुलाब सिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजु गुर्जर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया। माय भारत किट का विमोचन कर मंडल के युवाओं को किट वितरित कर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। माय भारत स्वयंसेवक गंगापुर, नगर परिषद, प्रशासन सहयोग व सभी युवा मंडल टीम के समन्वित प्रयासों से स्वयंसेवकों के चार समूहों ने आज पंचायत समिति परिसर, गाँधी पार्क मे यत्र-तत्र बिखरे हुए कचरे, प्लास्टिक, एवं समस्त अनुपयोगी सामान को बायो-डिग्रेडेबल बैग में एकत्रित किया। माय भारत युवाओं को श्रमदान कार्य करते हुए देखने पर जनमानस ने अभियान की उपयोगिता को सराहा। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की विषयवस्तु पर आधारित इस अभियान मे स्वयंसेवकों ने आस-पास के क्षेत्र को प्रतिदिन स्वच्छ रखने का आहान किया एवं भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान के 1० वर्ष पूरे होने एवं 17 सितम्बर-०2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस अभियान में माय भारत गंगापुर सिटी के युवा मंडल स्वामी विवेकानंद युवा मंडल गंगापुर, छत्रपति शिवाजी युवा मंडल मिर्जापुर, झांसी की रानी युवती मंडल मिर्जापुर, कल्पना चावला युवती मंडल महुकलां आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर राहुल जागा, खेमराज गुप्ता, विकास अग्रवाल, संजय प्रजापत, राजपाल मीना, कल्लू बैरवा, केशव जांगिड, नितेश महावर, पायल मीना, दिव्या गुप्ता, हेमलता जागा, कई मंडल के युवा व बालिकाएँ और प्रशासनिक कर्मचारी एवं सामाजिक व्यक्ति शामिल हुए।

कार्यक्रमों का आयोजन

करौली (नि.स.)। अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बडौदा करौली द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के तहत साफ-सफाई, पौधारोपण, स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किये गये स्वच्छता पखवाडा में ग्राम हजारीपुरा में स्वच्छता शपथ, पौधारोपण व ग्राम में साफ-सफाई करवायी गयी। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल जहांगीरपुर में पौधारोपण, स्वच्छता शपथ व स्वच्छता पर क्युज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रंबधक अग्रणी जिला विजय कुमार पाल, निदेशक बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान करौली देशराज मीणा व सलाहकार वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र कैलाश चन्द शर्मा शामिल रहे।

तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

भरतपुर (निस)। राजस्थान स्कूल पुस्तकालय संवर्धन परियोजना के तहत भरतपुर संभाग स्तरीय मॉडल बाल पुस्तकालय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अमर होटल भरतपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी व धौलपुर जिलों से कुल 37 पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रभारी शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग से दलवीर सिंह (उपनिदेशक) संयुक्त निदेशक कार्यालय व विशाल (अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी) संयुक्त निदेशक कार्यालय भरतपुर ने प्रशिक्षण का अवलोकन कर उपस्थित संभागियों से प्रशिक्षण के सत्रों को लेकर चर्चा की, उपनिदेशक ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के पुस्तकालय को जीवंत व सक्रिय बनाने पर बल दिया साथ ही विद्यालय में पुस्तकालय तक बच्चों की पहुंच सुनिश्चित किए जाने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण में जीवंत पुस्तकालय के मायने, पुस्तकालय की आवश्यकता, महत्व, गतिविधि, रीड अलाउड, बुक टॉक, पुस्तक विज्ञापन, थीम डिस्प्ले, डम्पसीयार्ड, पुस्तक सीडी, रोल प्ले, पाठक रंगमंच, पुस्तकालय अध्यक्ष, प्रभारी की भूमिका, विद्यालय उत्सव जयंती कैलेंडर पर नियोजन तथा एमआईएस को लेकर विस्तार से कार्य किया गया।

महात्मा गाँधी के जयंती समारोह कार्यक्रम हुए

करौली(नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यालयो मे महात्मा गॉधी कि जयंती के अवसर पर सर्वधर्म सभा सहित प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने अहिंसा के पुजारी राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित गांधीजी की प्रतिमा पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने माल्यार्पण कर श्रद्वांजली अर्पित कि एवं सूत की माला पहनाकर श्रद्वांजली सभा का शुभारंभ किया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा के दौरान गांधी जी के विचारों एवं आदर्शों को स्मरण किया गया। इस दौरान गांधी जी के चरखे का भी प्रदर्शन किया गया, सर्वधर्म सभा में गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए, धर्म वो हि एक सच्चा एवं रामधुन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी दर्शन समिति के संयोजक प्रेमसिंह माली ने गांधी के सिद्वांतों को आत्मसात करने पर बल दिया एवं गांधी से हमें प्रेरणा लेकर हमें अहिंसा के मार्ग पर चलने कि बात कही, उन्होंने सभी का आभार व्यक्त भी किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसके अलावा समस्त उपखंड स्तर, कॉलेज एवं स्कूलों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर नमन किया गया। इस दौरान सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 सफाई कर्मचारीयों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा,उपखंड अधिकारी मंडरायल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक बबलू शर्मा,नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह, तहसीलदार महेन्द्र गुर्जर,गांधी दर्शन समिति के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, स्कूलों के छात्र-छात्राऐं, स्काउट गाईड एवं सर्वसमाज के आम जन अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।इसके अलावा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड एव कब बुलबुल छात्र छात्राओं ने विद्यालय परिसर की सफाई की और पौधों की गुडाई करते हुए खरपतवारों को हटाया। स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के स्काउट गाइड ने बढ चढ कर भाग लिया। इससे पूर्व विद्यालय में गांधी एवम शास्त्री जयंती मनाई गई वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में आज गांधी शास्त्री जयंती मनाने के साथ ग्राम पंचायत स्तरीय निपुण मेले का आयोजन किया गया। एसडीएमसी के सचिव व्याख्याता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि समग्र शिक्षा के निपुण भारत अभियान के अन्तर्गत आयोजित इस मेले में पीईईओ अधीनस्थ बारह राजकीय विद्यालयों के 400 से अधिक विद्यार्थीयों ने उत्साह पूर्वक भाग ले कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अग्रसेन जयंती के दिन 1100 कलश से निकलेगी शोभायात्रा

हिण्डौन सिटी। अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में बैठक का हुआ आयोजन अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी की बैठक का आयोजन विगत दिवस अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में देर रात तक चली। बैठक का प्रारंभ महाराजा श्री अग्रसेन के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया दीप प्रज्वलित समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार

- अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित
- मोटरसाइकिल रैली एवम भव्य झांकियो के साथ अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

आर्य अग्रसेन शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष रामदयाल पटवारी और व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अजय मित्तल और समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास गुप्ता द्वारा किया गया।

अग्रवाल समाज के महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि अग्रसेन जयंती को भव्य बनाने हेतु महिलाओं द्वारा 1100 कलशों से शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा भव्य झांकियां के साथ साथ अग्रवाल युवा संगठन द्वारा एक विशाल मोटरसाइकिल रैली भी निकाली जाएगी जिसमें जयंती के दिन विशाल निशुल्क सहभोज कार्यक्रम रखा गया है व 75 साल से ऊपर के बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा और नव नियुक्त अग्रवाल कर्मचारियों का जयंती के दिन सम्मान किया जाएगा तथा विद्यार्थियों का 90 से ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा ।

जयंती के दिन भारत विकास परिषद द्वारा स्वागत किया जाएगा तथा जयंती के दिन अग्रवाल भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा तथा अग्रसेन जयंती के दिन सभी अग्रवाल बंधुओं के प्रतिष्ठान बंद रखे जाएंगे तथा अग्रसेन जयंती के दिन हर अग्रवाल बंधु निवास व प्रतिष्ठान पर दीप जलाएंगे और जयंती को धूम धाम से मनाएंगे जयंती का शुभारंभ प्रात 5:30 प्रभात फेरी अग्रवाल धर्मशाला कटरा बाजार से प्रारंभ होकर व दूसरी प्रभात फेरी आर्य समाज मोहन नगर से वह तीसरी प्रभात फेरी अग्रवाल पत्थर वालों की धर्मशाला से निकलेगी व शोभा यात्रा प्रातः 8:00 बजे कंबल वालों की बगीची से शुरू होगी जिसमें 1100 कलशो के साथ मोटरसाइकिल रैली व भव्य झांकियां के साथ अग्रसेन महाराज की विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी तथा जयंती के दिन ही दोपहर 1:15 बजे अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में ध्वजारोहणकिया जाएगा तथा सहभोज 12:15 बजे से 6:30 बजे तक रखा गया है। तथा आम सभा की बैठक जयंती के दिन दोपहर 2:00 बजे से श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमे प्रतिभाओं के सम्मान के साथ-साथ अग्रसेन जी महाराज की माला की बोली लगाई जाएगी वह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में अग्रवाल समाज हिण्डौन सिटी की बैठक का हुआ आयोजन ।

शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा कंबल बाल बगीची से प्रारंभ होकर अग्रसेन क्लॉथ मार्केट से तहसील रोड मोहन नगर जगदंबा मार्केट नई मंडी शिवालय होकर श्री अग्रसेन पत्थर वालों की धर्मशाला में जाएगी एवं शोभा यात्रा का समापन कॉलेज प्रांगण में होगा बैठक में महेश गुप्ता चतुर्भुज गोयल टी आर ए रामगोपाल ओम प्रकाश गुप्ता राम चरण गुप्ता हर गोविंद पटवारी भुवनेश गोयल रविकांत मित्तल भगवती लाल अरविंद रिठोली संतोष जिंदल राजेंद्र शंघई पवन कुमार पीतम चंद गिरधारी गुप्ता कपूर जिंदल त्रिलोक शंघई गोपालराम राधा मोहन गर्ग राजेंद्र अग्रवाल चेतन कृष्ण गोयल गोपाल गुप्ता उमेश मित्तल राजकुमार मित्तल सुरेश गुप्ता रामबाबू आर्य मनोहर लाल योगेश गुप्ता गोपाल बंसल आदि काफी संख्या में अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल समाज महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने किया समाज अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार आर्य एवं महामंत्री एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने समस्त अग्र बंधुओ से अपील की है की अग्रसेन जयंती के दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बड चढ कर हिस्सा लेकर के जयंती की शोभा बढावे।

आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समारोह मनाया

भरतपुर (निस)। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित बननी ग्रामी स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा 6 दिवसीय एफएलसीआरपी आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बैच का समापन मण्डल प्रमुख पीएनबी प्रमोद कुमार, उपमण्डल प्रमुख हरीमोहन मीणा अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार एफएलसी मानसिह मीणा राजीविका से दिगबर सिंह डीएमएफआईएसी अनीता सिंह पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव